## ANNUAL EXAMINATION MODEL QUESTION MARCH 2021

**STD. X** **Third Language**

**Time : 90 minutes** **HINDI** **Total Score : 40**

**सामान्य निर्देश :**

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाएँ ध्यान से पढें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखने का समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों केलिए अधिकतम अंक 40 है ।

**Score**

**सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 5 तक के उत्तर लिखें ।**

> साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का । आज आखिरी बारी वे एक –दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे ।
> " तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला ? "
> " मुझे क्या पता ।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा ।
> साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी थीं और उनमें बारिश की बूँदों-सा पानी भर गया था ।
> बेला कहने लगी, " मैं चिढाऊँ अब तुम्हें ? रोनी सूरत साहिल रोनी सूरत साहिल ।"

1. साहिल और बेला की दोस्ती क्यों छूट जाती ? 1

(क) दोनों अजमेर जाएँगे । (ख) दोनों अलग-अलग स्कूल जाते हैं ।
(ग) दोनों कक्षा बदलकर जाते हैं । (घ) दोनों पाँचवीं के बाद पढाई छोडते हैं ।

2. " आज आखिरी बारी वे एक–दूसरे के कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे ।"– इससे आपने क्या समझा ? 2

3. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

4. बेला अब राजकीय कन्या पाठशाला में पढती है । नए स्कूल के प्रथम दिन बेला अपनी डायरी लिखती है । **बेला की** वह **डायरी** कल्पना करके लिखें । 4

5. रिज़ल्ट जानने के बाद उस दिन की घटनाओं का ज़िक्र करके साहिल अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है । **साहिल का** वह **पत्र** कल्पना करके लिखें । 4

**सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की पंक्तियाँ पढें और प्रश्न 6 से 9 तक के उत्तर लिखें ।**

> अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
> बडे–बडे महारथी
> अकेली निहत्थी आवाज़ को
> अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
> तब मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया
> उसके हाथ में
> ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ ।

6. **' शत्रु का सर्वनाश कर देना '**– के अर्थ में प्रयुक्त मुहावरा कविता से चुनकर लिखें। 1

(क) घिर जाना (ख) आश्रय लेना (ग) कुचल देना (घ) लोहा लेना

7. कविता में ' **चक्रव्यूह** '- किसका प्रतिनिधित्व करता है ? 1

(क) साहसी युवा पीढी (ख) मानवीय मूल्य (ग) जीवन की विषमताएँ (घ) महाशक्ति

8. टूटा पहिया ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है । - इससे आपने क्या समझा ? 2

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन **पंक्तियों का आशय** लिखें । 4

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढें और प्रश्न 10 से 13 तक के उत्तर लिखें ।**

एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने केलिए कहा जाता है । रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं । कलाम यह जानता है झट एक अच्छा –सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है । रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है । इस बीच राणा सा के कारिंदे कलाम के घर तलाशी लेने आते हैं और वहाँ कुँवर रणविजय की चीज़ों को पा कलाम पर चोरी का आरोप लगाते हैं । लेकिन कलाम फिर कलाम है । इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोडता । यह जानकर कि राणा कुँवर को उससे की दोस्ती की सज़ा देंगे, वह चोरी का इल्ज़ाम सह जाता है पर उन्हें अपनी दोस्ती के बारे में नहीं बताता । यहीं वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा । और वह अकेला ही निकल पडता है । रास्ते में मुश्किलें हैं । लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंज़िल मिलती है ।

10. ' छोटू को अपनी मंज़िल मिलती है ।'- उसकी मंज़िल क्या है ? 1

11. छोटू ने रणविजय की दोस्ती के बारे में राणा के कारिंदे से नहीं बताया । क्यों ? 2

12. **स्कूल के भाषण प्रतियोगिता के बारे में रणविजय और कलाम के बीच हुए वार्तालाप को आगे बढाएँ ।** 4

कलाम - अरे कुँवर, तुम क्यों उदासीन हो ?

रणविजय - कुछ नहीं छोटू ।

------- - --------------------------------

13. दोस्ती को बनाए रखने केलिए छोटू को काफी कुछ सहना पडा । अपनी परेशानियों का ज़िक्र करते हुए कलाम गाँव के अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखता है । **छोटू का** संभावित **पत्र** तैयार करें । 4

**सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढें और प्रश्न 14 से 17 तक के उत्तर लिखें ।**

" व्यक्ति को नहीं नहीं जानते था, हताशा को जानता था " कहते ही वे " जानने " की हमारी उस जानी–पहचानी रूढी को तोड देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोडती है । यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते । यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते । सडक पर घायल पडे अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है । यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह " जानने " की याद दिलाती है ।

14. कवि के मत में व्यक्ति को जानने का मतलब है ? 1

(क) नाम से जानना (ख) हताशा से जानना

(ग) आर्थिक स्थिति को जानना (घ) ओहदे से जानना

15. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2

- व्यक्ति की मदद करनी चाहिए । ( अपरिचित, घायल )
- सडक पर पडे व्यक्ति की मदद करनी चाहिए ।
- -----------------।
- ---------------------------- ।

16. **व्यक्ति को जानने** के संबंध में कवि के मत पर **टिप्पणी** लिखें । 4

17. **' सडक पर घायल पडे लोगों की जान बचाना मनुष्यता है । '** - यह संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें । 4

**सूचना : ' सबसे बडा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढें और प्रश्न 18 से 22 तक के उत्तर लिखें ।**

गाते-गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई । लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फुसफुसाहट ज़ारी थी । लोग चिल्लाने लगे । कहीं से कुछ लोग म्याऊं-म्याऊं की आवाज़ निकालने लगे । इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया । चार्ली को वह अकसर अपने साथ थिएटर ले जाती थी । उस दिन भी परदे के पीछे खडा वह आवाज़ के तमाशे को देख रहा था । माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया । मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा ।

18. **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें ।** 1

चार्ली स्टेज पर आया । चार्ली स्टेज पर आने लगा ।

माँ स्टेज पर आयी । माँ को स्टेज पर------ ।

SREEJITH R KOVOOR VARKALA SCRIPTS

19. चार्ली परदे के पीछे खडा होकर आवाज़ के तमाशे को देख रहा था । यहाँ तमाशा क्या थी ? 2

20. **सही मिलान करके लिखें ।** 4

| | |
|---|---|
| माँ की आवाज़ खराब हो गयी | मैनेजर ने चार्ली का अभिनय देखा था । |
| चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद की | बचाव के कुछ शब्द कह अकेला छोड आया । |
| माँ बहुत डर गई | माँ स्टेज से हट गई । |
| मैनेजर चार्ली को स्टेज पर ले गया | चार्ली उग्र भीड को झेल पाएगा । |

21. चार्ली की माँ और मैनजर के बीच चार्ली को स्टेज पर भेजने की बात को लेकर बहस हुआ ।
- इस प्रसंग पर चार्ली की माँ और मैनजर के बीच हुए संभावित **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें । 4

22. ' पाँच साल के एक बालक ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया ।'– इस घटना पर **रपट** तैयार करें । 4

**सूचना : ' बसंत मेरे गाँव का ' लेख का यह अंश पढें और प्रश्न 23 से 26 तक के उत्तर लिखें ।**

ठंड के मौसम में बर्फीले इलाकों से निचले इलाकों में उतरे पशुचारक वापस घरों को लौटने लगते हैं । महीनों तक फैले चरागाहों, घने जंगलों और अनजान बस्तियों में भटकने के बाद अपने घर लौटने की खुशी उत्सव का माहौल रच देती है । वे गीत गाते हैं, नाचते हैं । पशुचारकों के साथ उनकी भेड-बकरियाँ, घोडे-खच्चर और कुत्ते भी होते हैं । रास्ते में आनेवाले गाँवों से उनका लेन-देन भी होता रहता है ।

23. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।** 1

(क) वह + से = उसे (ख) वह + को = उसे (ग) वही + से = उसे (घ) वही + को = उसे

24. पशुचारकों की खुशी का कारण क्या है ? 1

(क) गंगा में पानी की धारा तेज़ है । (ख) सूरज तप रहा है ।
(ग) महीनों के बाद घर लौटने का समय आया है । (घ) ठंड का मौसम शुरू हुआ है ।

25. ठंड के मौसम में बर्फीले इलाकों से पशुचारक निचले इलाकों में क्यों उतरते हैं ? 2

27. ' नकद–उधार के आंकडे कहीं दर्ज़ नहीं होते '- आपसी विश्वास के दम पर चलते लेन देन का **रपट** तैयार करें । 4

**सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 27 से 29 तक के उत्तर लिखें ।**

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?

27. ' दूर से लोग डाँट बताएँगे ।'- क्यों ? 1

(क) जोखू बीमार है । (ख) पानी खराब है । (ग) कुआँ दूर है । (घ) वे निम्न जाति के हैं ।

28. गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा ।
- यहाँ प्रस्तुत रिवाज़ी पाबंदी और मज़बूरी क्या है ? 2

29. ठाकुर का कुआँ कहानी में चर्चित **' जातिप्रथा की समस्या '** पर **लघु लेख** लिखें । ( लेख लगभग 80 शब्दों का हो ) 4

**सूचना : ' गुठली तो पराई है ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 30 से 31 तक के उत्तर लिखें ।**

" अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे । कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं । ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर ?"
गुठली बोली, " अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई ।"
बुआ हँसके बोली, " अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है । बाकी लडकियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है । ससुराल ही तेरा असली घर होगा ।"

30. **सही वाक्य चुनकर लिखें ।** 1

(क) गुठली उदास हुआ करता है । (ख) गुठली उदास हुई करती है ।
(ग) गुठली उदास हुई करता है । (घ) गुठली उदास हुआ करती है ।

31. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । 4